प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 02.04.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज उत्तराखंड और राजस्थान में करेंगे चुनावी रैलियां।

2. चुनाव आयोग ने आइजी ऑपरेशन को देवघर एसपी पर लगाये गये आरोपों की जांच करने का दिया निर्देश।

3. झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने को लेकर आज भाजपा कार्यालय में एनडीए की चल रही है बैठक।

4. प्रवर्तन निदेशालय–ईडी आज धनबाद के गोविंदपुर अंचल के अंचलाधिकारी शशिभूषण सिंह से कर रहा है पूछताछ।

5. जमशेदपुर में टाटा स्टील के सीईओ टीवी नरेंद्रन ने जेआरडी स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में नई स्क्वैश फैसिलिटी का किया उद्घाटन।

*********************

प्रधानमंत्री लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए उत्तराखंड में आज पहली चुनावी रैली को रुद्रपुर में संबोधित करेंगे। इस सीट से भाजपा प्रत्याशी और राज्य मंत्री अजय भट्ट चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी से है।

*********************

भाजपा नेता और प्रधानमंत्री आज राजस्थान में जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत कोटपूतली में एक चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। राजस्थान में लोकसभा चुनाव दो चरणों में 19 और 26 अप्रैल को होंगे। विभिन्न पार्टियों के नेता भी चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं।

*********************

चुनाव आयोग ने आइजी ऑपरेशन को देवघर एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग पर लगाये गये आरोपों की जांच करने का निर्देश दिया है। श्री डुंगडुंग पर एक पार्टी विशेष के पक्ष में काम करने और पार्टी विशेष के कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करने का आरोप लगाया गया है। मधुपुर के नबी बक्श रोड के एक युवक व उसके साथी के साथ मारपीट का आरोप लगा था। इस घटना के बाद कुछ ग्रामीणों की गिरफ्तारी हुई थी. राज्य निर्वाचन पदाधिकारी से इसकी लिखित शिकायत की गयी है. इसमें कहा गया है कि देवघर के एसपी दुर्भावना से प्रेरित होकर कार्रवाई कर रहे हैं। आयोग ने लगाये गये आरोपों की सच्चाई का पता लगाने के लिए आइजी ऑपरेशन को निर्देशित करते हुए रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।

*********************

चतरा जिले में लोक सभा चुनाव के दौरान एक हजार तीन सौ पांच (1305) छोटे बड़े वाहनों की आवश्यकता पड़ेगी। परिवहन कोषांग चुनाव के दौरान पहली बार मोटरसाइकल को भी भाड़े पर लेगा। इसके लिए प्रतिदिन 250 रुपए की दर से भुगतान किया जाएगा। जिला परिवहन पदाधिकारी इंदर कुमार ने बताया कि चतरा जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव के दौरान 1305 वाहनों की आवश्यकता पड़ेगी। चुनाव कार्य के दौरान 307 बस, 105 ट्रक, 160 सवारी टैक्सी और मैजिक 442, छोटे वाहन ऑटो 120 एवं 170 मोटर साइकिल की आवश्यकता है। वाहन मालिकों को जल्द ही सीजर उपलब्ध करा दिया जायेगा।

*********************

जमशेदपुर में झारखंड विद्युत मानव दिवस कर्मी संघ ने लोकसभा चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है। संघ के कर्मचारियों ने यह शपथ ली है कि इस चुनाव में लोगों को मतदान के प्रति अपने अपने क्षेत्र के सभी लोगों को जागरूक करेंगे, ताकि भारी संख्या में मतदान हो सके।

*********************

पलामू जिले में शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स लगातार प्रयास कर रहा है।

*********************

लोकसभा चुनाव के दौरान झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने को लेकर आज रांची स्थित भाजपा कार्यालय में एनडीए की बैठक चल रही है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में प्रदेश भाजपा चुनाव प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई, विधायक दल के नेता अमर कुमार बावरी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा तथा अन्नपूर्णा देवी, आजसू पार्टी के प्रमुख सुदेश कुमार महतो, विधायक लंबोदर महतो और उमाकांत रजक समेत 14 लोकसभा सीट के एनडीए प्रत्याशी और पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद हैं।

*********************

प्रवर्तन निदेशालय—ईडी आज धनबाद जिले के गोविंदपुर अंचल के अंचलाधिकारी शशिभूषण सिंह से पूछताछ कर रहा है। प्रवर्तन निदेशालय ने 12 मार्च को रंगदारी, लेवी वसूलने, अवैध बालू खनन और जमीन हथियाने जैसे मामलों में मनी लाउंड्रिंग के तहत बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, अंचलाधिकारी शशिभूषण सिंह सहित अन्य लोगों के 20 ठिकानों पर छापेमारी की थी। ईडी के अधिकारी शशिभूषण सिंह से छापेमारी के दौरान उनके ठिकानों से जब्त दस्तावेजों के संबंध में पूछताछ करेंगे।

*********************

चतरा जिले में रामनवमी को लेकर आज दोपहर बाद पहला मंगलवारी जुलूस निकाला जाएगा। स्थानीय गौरक्षणी कार्यालय से निकल कर जुलूस पूरे शहर का भ्रमण करेगी। इसके बाद चतरा चौक के पास स्तिथ महावीर मंदिर में देर शाम शस्त्रों की पूजा भी की जायेगी। जुलूस को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा भी सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी के साथ सुरक्षा बल भी तैनात किए गए हैं।

*********************

जमशेदपुर में सामाजिक संस्था समर्पण फाउंडेशन एवं पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से चैती छठ पर्व को देखते हुए बागबेड़ा बड़ौदा घाट स्थित खरकाई नदी के समीप स्वच्छता जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान नदी में बह रहे कचरे को निकाल कर साफ—सफाई की गई।

*********************

सिमडेगा में पुलिस ने त्वरित गति से कार्य करते हुए एक पारा शिक्षक की हत्या के मामले में महज 24 घंटे में उद्भेदन करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। रविवार को सुबह सिमडेगा जिले के जलडेगा थाना क्षेत्र में बागूटोली निवासी पारा शिक्षक का शव पुलिस ने बरामद किया था।

*********************

सिमडेगा जिले में दो अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि एक घायल को बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स भेजा गया है। जिले के तेलंगा नाला के समीप कल रात हुई सड़क दुर्घटना में एक बाइक पर सवार दो युवकों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं कोलेबिरा में सड़क दुर्घटना में बाइक पर सवार एक युवक ने घटनास्थल पर दम तोड़ दिया।

*********************

जमशेदपुर में टाटा स्टील के सीईओ टीवी नरेंद्रन ने बिष्टुपुर स्थित जेआरडी स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में कल नई स्क्वैश फैसिलिटी का उद्घाटन किया। इसके साथ ही एक नया खेल छात्रावास भी खोला गया है। टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक टी वी नरेंद्रन ने बताया कि यह नई स्क्वैश फैसिलिटी जमशेदपुर में अपनी तरह की पहली सुविधा है। अभी तक दो निजी स्क्वैश कोर्ट बेल्डीह और गोलमुरी क्लबों में 30 खिलाड़ियों के लिए हैं। इस नए स्क्वैश कोर्ट को वर्ल्ड स्क्वैश फेडरेशन के मापदंड के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय सिंगल स्क्वैश कोड डिजाइन के आधार पर बनाया गया है।

**************